an>

Title: Regarding poor condition of N.H. 161 in Maharashtra.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : अध्यक्षा जी, मेरे हिंगोली क्षेत्र से जुड़ा हुआ यह मामला है, जिसे मैं दूसरी बार यहां रेज कर रहा हूं। इस देश में सबसे खराब राष्ट्रीय राजमार्ग कोई है, तो वह मेरे हिंगोली क्षेत्र में है। कन्नेरगा, हिंगोली, कलन्नुरी, वारंगा से गुजरता हुआ यह राजमार्ग है। पिछले एक साल में, वहां पर, एक हजार से ज्यादा, एक्सीडेंट्स हुए हैं। इसके बारे में ऑफिशियली बहुत बार चर्चा भी हुई है। राज्य ने प्रपोजल भी केन्द्र सरकार को दिया है, लेकिन इस प्रपोजल के बारे में सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हो पाई है। चीफ इंजीनियर, नेशनल हाई-वे ने केन्द्र सरकार के डायरेक्टर जनरल को भी इस बारे में लिखा है। मेरा सरकार से आग्रह है कि 70 करोड़ रुपये की मांग यहां पर की गयी है, उसके लिए सरकार से मंजूरी मिले और इस बारे में सरकार से कुछ न कुछ हमें लिखित में मिले। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री जगदम्बिका पाल जी। - उपस्थिति नहीं।